प्रतिशत कार्य हिन्दी में करना प्रारम्भ कर दिया है ।

(ग) इस मंत्रालय में, राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का पूर्णतः अनुपालन किया जा रहा है ।

राजभाषा अधिनियम का लागू किया जाना

591. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिन्दी सलाहकार समिति की इस वर्ष कितनी बैठकें हुई और राजभाषा कार्यान्वयन समिति में सभी स्तरों पर गैर-सरकारी सदस्यों को पर्यवेक्षक के रूप में नामित किए जाने के संबंध मे क्या स्थिति है ;

(ख) मंत्रालय, सके विभागों, संस्थानों और अधीनस्थ कार्यालयों मे, हिन्दी अनुभाग को छोड़कर किस-किस अनुभाग में शत-प्रतिशत कार्य हिन्दी में किया जा रहा है तथा किस-किस तारीख से किया जा रहा है तथा किन मामलों में हिन्दी को अब तक नहीं अपनाया गया है तथा इसके क्या कारण है ; और

(ग) राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) को मंत्रालय स्तर से निम्नतम स्तर तक क्रियान्वित न किए जाने के क्या कारण हैं जबकि अधिनियम को पारित हुए 24 वर्ष तथा वार्षिक कार्यक्रम को तैयार किए 10 वर्ष हो चुके है ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : कैलेंडर वर्ष 1987 के दौरान योजना मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति की अब तक दो बैठकें हुई है। मंत्रालय की राजभाषा कार्यान्वयन समितियों मे गैर-सरकारी व्यक्तियो को नामित नही किया जाता। लेकिन योजना मंत्रालय को हिन्दी सलाहकार समिति के किसी एक गैर-सरकारी सदस्य को चालू वर्ष में योजना आयोग और योजना मंत्रालय के सांख्यिकी विभाग की राजभाषा कार्यान्वयन समितियो की बैठकों में पर्यवेक्षक के रूप में भाग लेने के लिए हमेशा आमंत्रित किया जाता रहा है ।

(ख) इस समय, योजना मंत्रालय के किसी भी अनुभाग मे, हिन्दी अनुभाग को छोड़कर शत-प्रतिशत कार्य हिन्दी मे नही किया जा रहा है, क्योंकि सभी कर्मचारियो द्वारा अभी हिन्दी का अपेक्षित ज्ञान प्राप्त नही किया गया है । लेकिन मंत्रालय के सांख्यिकी विभाग के तीन अनुभागों अर्थात् सामान्य अनुभाग, स्थापना 1 अनुभाग और स्थापना-2 अनुभाग को 10-11-1986 से राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के नियम 8(4) के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट किया गया, जिसके द्वारा यह उपबन्ध किया गया है कि इन अनुभागों के वे कर्मचारी, जिन्हे हिन्दी मे प्रवीणता प्राप्त है, कुछ विनिर्दिष्ट विषयो पर अपना सरकारी काम केवल हिन्दी में करेंगे ।

(ग) योजना मंत्रालय मे राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के उपबन्धो का, कुल मिलाकर अनुपालन किया जा रहा है ।

राजभाषा अधिनियम का लागू किया जाना

502. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिन्दी सलाहकार समिति की इस वर्ष कितनी बैठकें हुई और राजभाषा कार्यान्वयन समिति मे सभी स्तरो पर गैर-सरकारी सदस्यों को पर्यवेक्षक के रूप में नामित किए, जाने के संबंध मे क्या स्थिति है ;

(ख) मंत्रालय, इसके विभागो, संस्थानों और अधीनस्थ कार्यालयों मे, हिन्दी अनुभाग को छोड़कर किस-किस अनुभाग में शत प्रतिशत कार्य हिन्दी मे किया जा रहा है तथा यह किस-किस तारीख से किया जा रहा है तथा किन मामलो में हिन्दी को अब तक नही अपनाया गया है तथा इसके क्या कारण हैं ; और